तापमान
अधिकतम 43.0 डिग्री
न्यूनतम 17.6 डिग्री

हरिभूमि
जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार, 28 अप्रैल 2025

12 2.80 करोड़ रुपये की ठगी के मामले की जांच पूरी

12 महापुरुषों का अपमान करने वालों के खिलाफ बने कानून

खबर संक्षेप

अवैध हथियार के साथ एक युवक गिरफ्तार

यमुनानगर। जिला पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा वन की टीम ने अवैध हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहाँ से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सीआईए वन के प्रभारी वीरेंद्र वालिया ने बताया कि उसे सूचना मिली थी कि एक युवक अवैध हथियार के साथ इंडस्ट्रियल एरिया में घूम रहा है। गुप्त सूचना के आधार पर सब इंस्पेक्टर रामकुमार, मक्खन सिंह, जगीर, अमित की टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर वहां घूम रहे युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एक देसी कट्टा बरामद हुआ। आरोपी की पहचान छोटा लापरा निवासी मोबिन उर्फ काला के नाम से हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

रेलवे स्टेशन पर निजी कुली रखने का विरोध

अंबाला। पश्चिम रेलवे में निजी कंपनी के माध्यम से चलाए जा रहे कुली माय एप और प्राइवेट कुली रखने की कार्रवाई पर अविलंब रोक लगाने की मांग की है। इस संबंध में एक मांग पत्र अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर काम करने वाले कुलियों ने स्टेशन अधीक्षक को दिया। यह ज्ञापन राष्ट्रीय मांग दिवस के तहत कुलियों की समस्याओं को लेकर दिया गया। इस दौरान अपनी आवाज बुलंद करने के लिए कुलियों ने प्रदर्शन किया। रेलवे स्टेशन पर कार्यरत कुली मुकेश, मोनू, मंगल सिंह ने बताया कि पश्चिम रेलवे द्वारा निजी कंपनी के माध्यम से कुली रखने की प्रक्रिया चल रही है जो सरासर गलत है। अगर एक जगह ये कार्रवाई होगी तो फिर पूरे देश में ही सभी प्राइवेट कुली काम करने लगेंगे। ऐसे में उनकी रोजी-रोटी के लाले पड़ जाएंगे। उन्होंने इस कार्रवाई को तुरंत रोकने की मांग की।

ई रिक्शा चालक से लूट के तीन आरोपी पकड़े

पानीपत। सीआईए श्री पुलिस टीम ने ई रिक्शा चालक से लूट के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक नाबालिग है। जबकि दो अन्य की पहचान प्रिंस निवासी मुलतान कालोनी उझा रोड, कुनाल निवासी हरिगढ़ जीन्द के रूप में हुई। सीआईए श्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने जानकारी देते हुए बताया कि ई रिक्शा लूट की उक्त वारदात बारे थाना चांदनी बाग में रोहित निवासी भारत नगर नजदीक शिव मंदिर की शिकायत पर केस दर्ज है।

पत्नी की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

समालखा। थाना समालखा पुलिस ने झोपड़ी में आग लगा पत्नी मोहसिन की जलाकर हत्या करने के आरोपी इसके पति सारून निवासी शाहपुर सहारनपुर यूपी को चुलकाना गांव से गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस ने मोहसिन की कथित हत्या के मामले की जानकारी लेने के लिए पुलिस ने सारून को कोर्ट से एक दिन के रिमांड पर लिया है। वहीं, थाना समालखा प्रभारी दीपक ने बताया कि इस मामले में इलियास निवासी कुंडा सहारनपुर यूपी की शिकायत पर केस दर्ज है।

दो बाइकों की टक्कर में घायल व्यक्ति की मौत

पानीपत। पानीपत के गांव बापौली के पास दो बाइकों की टक्कर में गंभीर रूप से घायल हुए आदरीश निवासी गांव बापौली की निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। इधर, पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद आदरीश का शव उसके परिजनों को सौंप दिया और गांव सिवाह निवासी मृतक के समधी सवीरा की शिकायत पर हादसे के आरोपी दूसरी बाइक के चालक पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बेरिकैड्स लगाकर प्रदर्शनकारियों को रोका

सीपीएलओ कर्मचारियों ने अर्धनग्न होकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

पंचायत विभाग में कार्यरत कंप्यूटर आपरेटर (सीपीएलओ) ने अपनी मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। आपरेटर रविवार सुबह देवीलाल पार्क में एकत्रित हुए।

देवीलाल पार्क से जब कर्मचारी सीएम हाउस की ओर जाने लगे तो पुलिस ने उन्हें सेक्टर 2 पेट्रोल पंप के सामने रोक लिया। पुलिस ने कर्मचारियों को आगे न बढने के लिए थ्री लेयर सुरक्षा लगा दी। कर्मचारियों को मजबूरन वहीं रुकना पड़ा। कर्मचारियों ने भीषण गर्मी में खुले आसमान के नीचे सडक़ पर बैठकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। कर्मचारी मांग कर रहे थे कि सरकार उनकी मांगें मानें। उनका मानदेय 6000 से बढाया जाए और टेक्नीकल दर्जा दिया जाए। हालांकि पुलिस ने दो बार सीएम कार्यालय के प्रतिनिधि कैलाश सैनी से बातचीत कराने का प्रयास किया, लेकिन आंदोलनरत कर्मचारी बड़े अधिकारी के आने की मांग पर अड़े रहे। जिसके चलते कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन चलता रहा।देवीलाल पार्क से जब कर्मचारी सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने के लिए निकले तो पुलिस ने पेट्रोल पंप के पास बैरिकेड्स लगाकर उन्हें रोक लिया। पुलिस के हस्तक्षेप के कारण कर्मचारियों में रोष पनप गया और कर्मचारी अर्धनग्न होकर वहीं पर ही धरने पर बैठ गए। नेगेटिव मार्क के कारण कंप्यूटर साइस लेवल पास करने के बावजूद भी सरकार उन्हें उचित सम्मान नहीं दे रही है। उनका मानदेय मजदूरों से भी कम है। कर्मचारियों ने मांग की कि उन्हें गुरप सी टैक्नीकल का दर्जा देने के साथ साथ उनका मानदेय भी बढ़ाया जाए।

- सीएम के प्रतिनिधि को कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन, पांच कर्मचारी सोमवार को चंडीगढ़ में मिलेंगे सीएम सैनी से

कुरुक्षेत्र। कटोरा लेकर प्रदर्शन करते कर्मचारी।

कर्मचारी किसी अधिकारी से बात कराने पर अड़े रहे

धरना-प्रदर्शन पर बैठे कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि प्रशासन की ओर से ना तो उन्हें माइक से बोलने की अनुमति दी गई और ना ही उन्हें पीने का पानी मुहैया कराया गया। कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें जो पानी उपलब्ध कराया, वह खराब टंकी का पानी था। प्रदर्शनकारियों से मिलने प्रशासनिक अधिकारी और मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि कैलाश सैनी ज्ञापन लेने पहुंचे, लेकिन सीपीएलओ मुख्यमंत्री से मुलाकात की मांग पर अड़े रहे। बाद में कर्मचारियों को मनाया गया। कर्मचारियों ने सीएम प्रतिनिधि कैलाश सैनी को मांग पत्र सौंपा और पांच कर्मचारी सीएम नायब सैनी से चंडीगढ़ में मिलने का आश्वासन दिया गया, जिसके बाद कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया। राज्य प्रधान विजय चौहान ने कहा कि उनसे दो विभागों का काम लिया जा रहा है, लेकिन मात्र छह हजार रुपये मासिक वेतन देकर उनका अपमान किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा और भूख हड़ताल भी की जाएगी।

कटोरा लेकर मांगी भीख

भीषण गर्मी के बावजूद कर्मचारियों ने अर्धनग्न होकर कटोरा हाथ में लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। कर्मचारी मांग कर रहे थे कि उन्हें जो मानदेय दिया जा रहा है, बहुत कम है, जिसके कारण उनके परिवार का गुजारा नहीं होता। कम मानदेय मिलने के कारण कई कर्मचारी मानसिक तनाव में हैं। कर्मचारियों ने कटोरा हाथ में लेकर भीख मांगी और मुख्यमंत्री से भी भीख मांगी कि उन्हें उनका हक दिया जाए।

कुलपतियों का सम्मेलन आज राज्यपाल करेंगे उद्घाटन

- एनसीटीई, एचएसएचईसी व केयू के संयुक्त तत्वावधान में 300 से अधिक प्रतिनिधि लेंगे भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

नेशनल काउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन, हरियाणा स्टेट हायर एजुकेशन काउंसिल तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में हरियाणा के महामहिम राज्यपाल एवं कुलाधिपति कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय बंडारू दत्तात्रेय प्रातः 10 बजे विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में शिक्षक शिक्षा में परिवर्तन विकसित भारत 2047 की दिशा में विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 2025 का उद्घाटन करेंगे।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि उत्तर भारत के अलग-अलग राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संस्थानों के निदेशक एवं कुलपति इस राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेंगे। कार्यक्रम के पहले दिन मुख्य आयोजन विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में किया जाएगा। इसके पश्चात प्रतिनिधि मंडल धरोहर हरियाणा संग्रहालय का अवलोकन करेगा। उन्होंने बताया कि प्रतिनिधि मंडल के सदस्य ब्रह्मसरोवर पर आयोजित होने वाली आरती में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि सम्मेलन के दूसरे दिन समानतर रूप से दो सत्र आयोजित किए जाएंगे। इनमें बीएड तथा एमएड के कोर्सिज संबंधित बौद्धिक मंथन होगा। बैठक में कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल, कार्यक्रम के संयोजक अधिष्ठाता प्रो. दिनेश कुमार, कार्यक्रम के कोऑर्डिनेटर प्रो. संजीव शर्मा, अधिष्ठाता महाविद्यालय प्रो. ब्रजेश साहनी, प्रो. अमित लूदरी, प्रो. विवेक चावला, डॉ. अश्वनी मित्तल, आदि मौजूद रहे।

दो दिवसीय सम्मेलन

शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा होंगे समापन समारोह में मुख्यातिथि केयू में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह में हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा बतौर मुख्यातिथि अपना उद्बोधन देंगे। इस अवसर पर उत्तर भारत के अलग-अलग राज्यों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति भी रहेगी। एनसीटीई के चेयरपर्सन प्रो. पंकज अरोड़ा, एचएसएचईसी के चेयरमैन प्रो. कैलाश चन्द्र शर्मा तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा भी समापन समारोह को सम्बोधित करेंगे।

ग्रामीणों ने फूंका पाकिस्तान का पुतला

- पहलगाम आतंकी हमले के दोषी पाक को करारा जवाब दे सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में हुए कायराना आतंकी हमले के खिलाफ गांव जलूबी के ग्रामीणों ने जोरदार प्रदर्शन कर आक्रोश व्यक्त किया। देशभक्ति से ओत-प्रोत इस प्रदर्शन में ग्रामीणों ने पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी नाराजगी जताई और सरकार से आतंक के पोषक पाकिस्तान के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की मांग की।

प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद, हिंदुस्तान जिंदाबाद, आतंकवाद हटाओ-देश बचाओ जैसे गगनभेदी नारे लगाकर पाकिस्तान का पुतला आग के हवाले किया। इस अवसर पर लोगों ने एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ अपने आक्रोश को खुले शब्दों में प्रकट किया। प्रदर्शन में मौजूद सभी ने एक स्वर में आतंकवाद के खिलाफ अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रदर्शन किया। इस दौरान गांव जलूबी के सरपंच लेखराज ने कहा कि यह हमला न केवल निर्दोष नागरिकों पर हमला है बल्कि हमारे देश की अस्मिता और अखंडता पर भी चोट है।

अंबाला। जलूबी में प्रदर्शन करते ग्रामीण।

कमांडो कॉम्पलेक्स में 7 जवानों की तबीयत बिगड़ी

- उल्टी-दस्त की शिकायत के बाद डॉक्टरों की टीम को मौके पर बुलाया और इलाज शुरू किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

नेवल स्थित कमांडो कॉम्पलेक्स में रविवार को जवानों की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें उल्टी-दस्त की शिकायत के बाद डॉक्टरों की टीम को मौके पर बुलाया गया और इलाज शुरू किया गया है। अब तक 7 कमांडों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

बाकी जवानों की स्क्रीनिंग कॉम्पलेक्स में ही जारी है। कॉम्पलेक्स के अधिकारियों का कहना है कि तबीयत बिगड़ने के पीछे की वजह बढ़ती गर्मी और खानपान की गड़बड़ी हो सकती है। हालांकि, अभी तक तबीयत बिगड़ने के स्टटीक कारणों का पता नहीं चल पाया है। वहीं, सूत्र बताते हैं कि कई जवानों की तबीयत कॉम्पलेक्स का पानी पीने से बिगड़ी। शनिवार दोपहर बाद उन्हें भर्ती किया गया था, जिनमें से कुछ को इलाज के बाद भेज दिया। अब केवल 7 ही लोग उपचाराधीन बचे हैं।

गर्मी और खानपान को वजह मान रहे अधिकारी

कॉम्पलेक्स के अधिकारी ने बताया कि इस समय गर्मी काफी ज्यादा है। इसके साथ ही खाने-पीने में भी कोई गलती हो सकती है। भविष्य में सावधानी बरतते हुए कमांडों को बनाना शेक न देने का फैसला लिया गया है।

अधिकारी ने बताया कि फिलहाल लगभग सभी जवान ठीक हैं। बता दें कि करनाल में कमांडो की ट्रेनिंग होती है। जो युवा पुलिस में भर्ती होते हैं और जिन युवाओं का कमांडो के लिए सिलेक्शन होता है, उन्हें यहां पर ट्रेन किया जाता है। ये सभी युवा नेवल स्थित कमांडो कॉम्पलेक्स में ही रहते हैं।

अस्पताल में भर्ती

7 से 8 जवानों को अस्पताल में भर्ती किया गया था, जिन्हें शाम तक छुट्टी मिलने की उम्मीद है। पानी की व्यवस्था पहले से ही दुरुस्त है और जवानों की आरो का पानी ही उपलब्ध करवाया जाता है। उल्टी और दस्त के लक्षण दिखने के बाद तुरंत इलाज शुरू कर दिया गया था।

निहंग सिख दो मंदिरों से उठा ले गए श्री गुरु ग्रंथ साहिब

- विरोध करने पर मंदिरों के अंदर नंगी तलवारें लहराई, श्रद्धालुओं में रोष, पुलिस ने जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत शहर में हरिबाग कॉलोनी स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर और सेठी चौक स्थित मंदिर से निहंग सिख नंगी तलवारे लेकर घुसे और यहां पर पूजन के लिए रखी श्री गुरु ग्रंथ साहिब को जबरन उठा ले गए।

मंदिरों में श्रद्धालुओं ने जब निहंग सिखों का जबरन श्री गुरू ग्रंथ साहिब ले जाने का विरोध किया तो उन्होंने मंदिर में नंगी तलवारें लहराई और श्रद्धालुओं के साथ हाथापाई की। मंदिर परिसर में नंगी तलवारें लहराए जाने की श्रद्धालु घबरा गए।श्रद्धालुओं ने बतया कि निहंग सिख ग्रुप में पूरी तैयारी से आए थे। उन्होंने मंदिर में रखी श्री गुरू ग्रंथ साहिब वहां से लेकर जाने के बारे में कुछ नहीं पूछा और श्री गुरू ग्रंथ साहिब को अपने सिरों पर रख कर मंदिरों से अज्ञात स्थानों पर चले गए। वहीं, दो मंदिरों से श्री गुरू ग्रंथ साहिब को तलवारों के साए में उठा कर ले जाने की घटना से पानीपत प्रशासन में हडकंप मच गया। डीएसपी मुख्यालय सतीश वत्स फोर्स लेकर मंदिरों में गए और पूरे मामले की जानकारी ली। वहीं वत्स ने दोनों पक्षों को पुलिस स्टेशन बुला कर इस मामले की जांच शुरू की। इधर, श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के पुजारी नीरज ने बताया कि पिछले 60 सालों से मंदिर के उपरी परिसर में श्री गुरू ग्रंथ साहिब का पूजन होता है। दोपहर को अचानक निहंग सिखों का एक बड़ा जत्था मंदिर परिसर में आया। निहंग सिखों ने कहा कि मंदिर में हॉल बुकिंग करवाने के लिए आए हैं।

पानीपत। मंदिर से श्री गुरु ग्रंथ साहिबनंगी तलवारें लहराते हुए निहंग सिख।

विरोध पर हाथापाई

उनका विरोध किया, तो उन्होंने हाथापाई की। जब उनका रास्ता रोकने की कोशिश की गई, तो उन्होंने तलवारें निकाल ली और वे तलवारें लहराते हुए श्री गुरू ग्रंथ साहिब को जबरन मंदिर से ले गए। इधर, डीएसपी सतीश वत्स ने बताया कि दो मंदिरों से श्री गुरू ग्रंथ साहिब ले जाने के मामले की जांच की जा रही है।

शिक्षा शिकायत आयोग का गठन करे सरकार

- प्ले वे स्कूल भी वसूल रहे हैं मनमाफिक फीस : बिड़लान
- आरपीआई के प्रवक्ता ने केंद्रीय मंत्री आठवले से मुलाकात की

हरिभूमि न्यूज. बराड़ा

रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय प्रवक्ता व लीगल हेड एडवोकेट अरुण बिड़लान ने केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री रामदास आठवले से मुलाकात की।

शिक्षा क्षेत्र में व्याप्त अनियमितताओं को लेकर कई अहम मुद्दों पर बातचीत की। इस दौरान एडवोकेट बिड़लान ने मंत्री से कहा कि देश में एक स्वतंत्र शिक्षा शिकायत आयोग का गठन किया जाए। जहां निजी स्कूलों द्वारा ली जा रही फीस और किताबों के दामों पर निगरानी रखी जा सके। प्रत्येक कक्षा के लिए किताबों का मूल्य सरकार द्वारा अधिकृत रूप से तय होना चाहिए ताकि अभिभावकों पर इसका अनावश्यक आर्थिक बोझ न पड़े। एडवोकेट बिड़लान ने विशेष तौर पर क्षेत्र में चल रहे प्ले स्कूलों का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि दोसडक़ा में स्थित एक प्ले स्कूल में नर्सरी के बच्चों की दाखिला फीस 8 हजार रुपये वसूली जा रही है। यह नियमों के स्पष्ट उल्लंघन का मामला है।

गांव नाचरोन में राजकीय सम्मान के साथ हवलदार रविन्द्र राणा का अंतिम संस्कार

राजपूत-10 बटालियन के हवलदार का बीमारी के चलते निधन

- कश्मीर के डोडा में कुछ वर्षों से तैनात थे हवलदार राणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

राजपूत 10-आरआर बटालियन के हवलदार रविंद्र सिंह राणा निवासी नाचरौन की बीमारी के चलते मौत हो गई। हवलदार रविंद्र सिंह राणा कश्मीर के डोडा में कुछ वर्षो से तैनात थे। जिनका पहले अंबाला, पंचकूला व दिल्ली के सैनिक अस्पताल में लगभग सवा 2 महीने से इलाज चल रहा था।

इस दौरान गंभीर इंफैक्शन के चलते उनका सैनिक अस्पताल दिल्ली में निधन हो गया। रविवार की दोपहर को उनका पार्थिव शव गांव नाचरौन लाया गया। इससे पूर्व उनका शव जब शहर में त्रिवेणी चौक पर पहुंचा, तो क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने वीर सैनिक हवलदार रविंद्र सिंह राणा को नम आंखों से श्रद्धांजलि भेंट की। इसके उपरांत उनका गांव नाचरौन में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार के दौरान अंबाला कैंट से आए लगभग 25 सैनिकों ने उन्हें सलामी देकर नमन किया। अंतिम संस्कार के दौरान क्षेत्र के भारी संख्या में लोग उन्हें अंतिम विदाई देने पहुंचे थे। मृतक हवलदार रविंद्र सिंह राणा के ताउ राजपाल सिंह ने बताया कि उनका भतीजा रविंद्र सिंह 2010 में राजपूत रेजिमेंट में भर्ती हुआ था। जो सैनिक के तौर पर डोडा, मेरठ, पुंछ, राजौरी व अन्य स्थानों पर तैनात रहा। कुछ वर्ष पहले उनके भतीजे हवलदार रविंद्र सिंह को सर्वश्रेष्ठ सैनिक के आवार्ड से सेना द्वारा उन्हें मेडल देकर सम्मानित किया गया था। उनके परिवार को गर्व है कि उनके परिवार के सदस्य ने भारतीय सेना में अपनी सेवाएं प्रदान की। उनके परिवार के 4 सदस्य पहले ही सेना में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे है।

गांव से लगभग 25 युवा सेना में अपनी सेवाएं दे रहे है। रविंद्र राणा सेना में युवाओं को शारीरिक प्रशिक्षण देने का काम करते थे। हवलदार रविंद्र सिंह राणा के पिता तेजपाल सिंह गांव में खेती करते है जो चलने में असमर्थ है। वहीं माता राजकुमारी परिवार की देखभाल करने में अपना सहयोग करती है। उनके भतीजा हवलदार रविंद्र सिंह राणा 2 बच्चों का पिता था। उनकी बड़ी बेटी अनुष्का छठी कक्षा की छात्रा है जबकि 7 वर्षीय बेटा भानुप्रताप चौथी कक्षा का छात्र है।

यमुनानगर। गांव नाचरोन निवासी मृतक हवलदार रविंद्र राणा के पार्थिव शरीर को श्रद्धांजलि भेंट करते सेना के अधिकारी तथा इनसेट में रविंद्र राणा का फाइल फोटो। मृतक हवलदार रविंद्र सिंह राणा के शव को सलामी देते सेना के जवान। *फोटो : हरिभूमि*

रोष प्रदर्शन के दौरान शोरूम का शीशा तोड़ने का आरोपी काबू

कुरुक्षेत्र। जिला पुलिस ने रोष प्रदर्शन के दौरान शोरूम का शीशा तोड़ने के आरोपी को काबू किया है। 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आंतकी हमले को लेकर जिला कुरुक्षेत्र के विभिन्न संगठनों द्वारा 26 अप्रैल को रोष प्रदर्शन करने का आह्वान किया था।

26 अप्रैल को शहर के विभिन्न संगठनों द्वारा कुरुक्षेत्र शहर में रोष प्रदर्शन जुलूस निकाला गया था। जब यह जुलूस सैक्टर-17 मार्किट पहुंचा तो किसी शरारती तत्त्व ने एक शोरूम के कांच के दरवाजे को तोड़ दिया। शोरूम मालिक की शिकायत पर कृष्णा गेट पुलिस द्वारा एक्शन लिए गया। थाना कृष्णा गेट के अंतर्गत सुभाष मंडी चौंकी प्रभारी पीएसआई मलकीत सिंह व सहायक उप निरीक्षक राकेश कुमार की टीम ने कारवाई करते हुए कुरुक्षेत्र वासी आरोपी को काबू किया गया।

खबर संक्षेप

ट्रक की चपेट में आने से गंभीर रुप से हुआ घायल

यमुनानगर। जगाधरी के कान्हा पैलेस के पास ट्रक की चपेट में आने से पैदल जा रहा व्यक्ति गंभीर रुप से घायल हो गया। गंभीर रुप से घायल व्यक्ति को अस्पताल में भरती करवाया गया। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पक्का घाट पर रोटरी ने चलाया सफाई अभियान

रादौर। रोटरी क्लब रादौर द्वारा कस्बा के नजदीक पश्चिमी यमुना नहर किनारे स्थित ऐतिहासिक एवं आस्था के स्थल पक्का घाटा पर सफाई अभियान चलाकर कूड़ा कर्कट उठाया। अभियान का शुभारंभ क्लब के पूर्व प्रधान डॉ. एससी सैनी ने स्वयं झाड़ू लगाकर किया। क्लब के पूर्व प्रधान डॉ. एससी सैनी ने बताया कि क्लब की ओर से हर महीने के अंतिम सप्ताह में पक्के घाट की सफाई करवाई जाती है। मोहन लाल अरोड़ा ने लोगों से गंदगी नहीं फैलाए जाने के लिए आहवान किया। मौके पर देवीदयाल अरोड़ा, लक्ष्मी चोपड़ा, सुमन शर्मा, मोहित गर्ग, भारत माटिया, रविंद्र शर्मा, संदीप सैनी व ब्रह्मप्रकाश टंडन आदि मौजूद रहे।

ट्विन सिटी को गोवंश मुक्ति के लिए व्हाटसएप पर दें सूचना

नगर निगम आयुक्त ने जारी व्हाटसएप नंबर पर सूचना देने के लिए आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

ट्विन सिटी(यमुनानगर-जगाधरी) को गोवंश मुक्त बनाने के लिए नगर निगम द्वारा गोवंशज पकड़ो अभियान लगातार जारी है। आए दिन निगम की टीमें शहर में अलग अलग स्थानों से बेसहारा गोवंशजो को पकड़कर गौशाला में पहुंचा रही हैं। गोवंशजो की सूचना देने के लिए निगम प्रशासन द्वारा व्हाटसएप नंबर जारी किया है। जिस पर लोग अपने आसपास घूम रहे बेसहारा गोवंशजो की सूचना देकर उन्हें पकड़वा सकते हैं। उक्त जानकारी नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने दी।

निगमायुक्त आयुष सिन्हा ने बताया कि बेसहारा गोवंशजो की सूचना देने के लिए निगम प्रशासन द्वारा व्हाटसएप नंबर 7082410524 जारी किया है। इस नंबर पर नागरिक अपने आसपास घूम रहे बेसहारा गोवंशज की जानकारी दे सकते हैं। ताकि सूचना मिलते ही निगम की टीमें मौके पर पहुंचकर बेसहारा गोवंशज को पकड़कर उन्हें गौशाला में पहुंचा सकें।

उन्होंने कहा कि शहरवासी नगर निगम क्षेत्र में घूम रहे बेसहारा गोवंश की फोटो, लोकेशन या पता समेत इस नंबर पर भेजें। फोटो मिलने के बाद नगर निगम द्वारा तुरंत बेसहारा गोवंश को पकड़ने की कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने बताया कि नगर निगम की टीमें आए दिन शहर में घूम रहे गोवंशजो को पकड़ने के लिए अभियान चला रही हैं।

- बेसहारा गोवंशजों को पकड़ने के लिए नगर निगम प्रशासन द्वारा चलाया जा रहा अभियान जारी

यमुनानगर। अपने कार्यालय में जानकारी देते निगमायुक्त आयुष सिन्हा व पकड़े गोवंशों को वाहन में भरकर गोशाला ले जाते निगम कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

अभी तक 947 पकड़े

अभी तक नगर निगम द्वारा 947 बेसहारा गोवंशजो को पकड़ कर गौशाला पहुंचाया गया है। सभी गोवंशजो को टैग भी लगाए गए हैं। गौशाला में बेसहारा गोवंश को पुनर्वास देने के लिए निगम निगम द्वारा गाय, सांड, बछड़ा, बछड़ी के हिसाब से रोज का प्रति गोवंश 40, 30 व 20 रुपये चारा खर्च दिया जाता है। बेसहारा गोवंशजो को पकड़ने का अभियान लगातार जारी रहेगा। जल्द ही शहर में घूमने वाले सभी बेसहारा गोवंशजो व अन्य पशुओं को पकड़ लिया जाएगा।

यमुनानगर। जिमखाना क्लब में आयोजित समारोह में कशिश कालड़ा का सम्मान करते नागरिक।

- कशिश कालड़ा ने अपनी उपलब्धि का माता पिता को दिया श्रेय

यूपीएससी में सफलता पर कशिश का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

यूपीएससी में 111वां रैंक हासिल करने पर कशिश कालड़ा का नागरिकों ने शहर के जिमखाना क्लब में कार्यक्रम आयोजित कर सम्मान किया और उन्हें बधाई दी। कशिश कालड़ा ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने माता कविता कालड़ा व पिता गुलशन कालड़ा को दिया।

कशिश कालड़ा ने कहा कि उनकी उपलब्धि में उनके शिक्षकों की अहम भूमिका रही है। उन्होंने बचपन से ही आईएएस बनने का सपना देखा था और शुरू से ही पढ़ाई में टॉपर रही है। उन्होंने 10वीं तक की पढ़ाई सेक्रेड हार्ट कान्वेंट स्कूल जगाधरी से की है। वहीं, 12वीं की पढ़ाई आरके पुरम गुरूग्राम डीपीएस से तथा स्नातक की पढ़ाई श्री राम कॉलेज दिल्ली से की है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया से दूर रह कर, कठिन परिश्रम व बड़ों के आशीर्वाद से उन्होंने यह सफलता हासिल की है।

मौके पर डीआईपीआरओ डॉ. मनोज कुमार ने सुश्री कशिश को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सुश्री कशिश की इस उपलब्धि से शहर का गौरव बढ़ा है। अन्य युवाओं को भी उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए और परिवार का नाम रोशन करना चाहिए। इस अवसर पर रमेश मेहता, विनोद अरोड़ा, अंजू, डॉ. नागराज अय्यर, डॉ.मीनाक्षी अय्यर, संजय नरूला, रमन त्यागी, ज्योति नरूला मौजूद रहे।

यमुनानगर। कार्यशाला में भाग लेने के दौरान रविवार को फोटो सेशन करवाते प्रतिभागी व स्टॉफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

प्रश्नोत्तरी में आर्यन ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

- जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज में सिविल इंजीनियरिंग विभाग के विद्यार्थियों के लिए कार्यशाला का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज में सिविल इंजीनियरिंग विभाग के तत्वावधान में राजकीय पॉलिटेक्निक उमरी के विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता सिविल डिपार्टमेंट की अध्यक्षा डॉ. तनवी गुप्ता व सहायक प्रध्यापक कर्ण वढेरा ने की। मौके पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

सिविल डिपार्टमेंट की अध्यक्षा डॉ. तनवी ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना और सिविल इंजीनियरिंग के विभिन्न प्रयोगशाला कार्यों से अवगत करवाना रहा। उन्होने बताया कि कार्यशाला में विद्यार्थियों ने सड़क निर्माण में उपयोग किए जाने वाले बिटुमिन पर परीक्षण कर उसकी गुणवत्ता की जांच की। इस दौरान विद्यार्थियों ने प्रयोगशाला में स्वयं परीक्षण कर व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। सिविल इंजीनियरिंग विभाग के सहायक प्रध्यापक रिंकी, पंकज, गौरव, टेक्नीशियन मुनीश ने विद्यार्थियों को प्रयोगशालाओं का भ्रमण कराया गया। इस राउंड में विद्यार्थियों को स्ट्रक्चरल, सर्वे, कंस्ट्रक्शन, मटेरियल टेस्टिंग लैब्स की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। इसके बाद एसिविल इंजीनियरिंग प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्र आर्यन सिंधु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, रितिक शर्मा ने द्वितीय व भानु प्रताप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मौके पर प्रतिभागियों को रिफ्रेशमेंट दी गई। पॉलीटेक्निक के अध्यापकों ने कहा कि इस कार्यशाला से विद्यार्थियों को न केवल तकनीकी ज्ञान प्राप्त हुआ है। बल्कि उन्होंने टीम वर्क भावना को भी महसूस किया।

गर्मी ने दिखाए तेवर, लोग होने लगे पसीने से तरबतर

- मौसम में गर्मी की तपिश बढ़ने से तापमान में हुई बढ़ोत्तरी
- रविवार को जिले का तापमान बढ़कर पहुंचा 41 डिग्री सेल्सियस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले में पिछले दो दिन से लू चलने और मौसम में गर्मी की तपिश बढ़ने से लोग हलकान हो गए हैं। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग खासकर युवा वर्ग दोपहर के समय नहाने के लिए नहरों व नदियों का रुख करने लगे हैं। वहीं, किसान व मजदूर पेड़ों की छांव का सहारा लेकर गर्मी से राहत पाने का प्रयास कर रहे हैं। जबकि दुकानों व प्रतिष्ठानों में एसी और कूलर चलने से बिजली की खपत बढ़ने लगी है। वहीं, रविवार को गर्मी की तपिश बढ़ने से जिले का अधिकतम तापमान बढ़कर 41 डिग्री पहुंच गया।

यमुनानगर। रविवार को गर्मी की तपिश से बचने के लिए पार्क में पेड़ के नीचे बैठकर बतियाते हुए युवक। फोटो : हरिभूमि

सूर्य के निकलते ही मौसम में बढ़ने लगी गर्मी की तपिश

रविवार को सुबह नौ बजे के बाद ही गर्मी की तपिश बढ़ने लगी और लू चलने लगी। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया मौसम में गर्मी की तपिश और ज्यादा बढ़ गई। जिससे लोग गर्मी की तपिश से बचने के लिए पेड़ों की छांव या फिर घरों में रहने को मजबूर हो गए। दोपहर के वक्त कुछ युवाओं ने अपने नजदीक नहर व तालाबों का रूख किया और घंटो स्नान करके गर्मी से राहत पाने का प्रयास किया।

ठंडे पेय पदार्थों की डिमांड बढ़ी

गर्मी के कारण ठंडे पेय पदार्थों बेचने वालों की बल्ले बल्ले हो गई है। मिल्क बादाम बेचने वाले राम कुमार ने बताया कि पिछले दो दिन से सेल में एकदम बढोत्तरी हुई है। वहीं आईसक्रीम की भी खूब डिपांड बढ गई है। जबकि गन्ने का रस व बेल का रस पीने को भी लोगों की रेहड़ियों पर भीड़ बढ़ रही है।

बढ़ा तापमान

रविवार को जिले का अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 20 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो अगले दिनों में तापमान में और बढ़ोत्तरी होने की संभावना है।

अवैध खनन पर अंकुश लगाने को प्रतिबद्धः गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

बीती रात जिला में जिला प्रशासन व खनन विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा 2093 वाहनों की चैकिंग के दौरान एक वाहन को सीज कर 4 लाख 26 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। उक्त जानकारी उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने दी।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि हरियाणा सरकार अवैध खनन के विरूद्ध कड़े कदम उठा रही है और खनन विभाग द्वारा लगातार इस पर नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने बताया कि जिला में जिला प्रशासन व खनन विभाग द्वारा कुल 2093 वाहनों की चैकिंग के दौरान 1 वाहन सीज कर 4 लाख 26 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश में अवैध खनन करने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसके लिए अलग अलग स्तर पर टीमों का गठन करते हुए मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिले में अवैध खनन एवं परिवहन को रोकने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है।

- जिला प्रशासन व खनन विभाग की टीम ने की 2093 वाहनों की चैकिंग
- चैकिंग के दौरान 1 वाहन सीज कर लगाया 4 लाख 26 हजार रुपये जुर्माना

यमुनानगर। चैकिंग के दौरान खनिज वाहन पर कार्रवाई करते हुए खनन विभाग की टीम सदस्य। फोटो : हरिभूमि

रात दिन की जा रही चैकिंग

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि जिले में रात दिन खनिज वाहनों की चैकिंग की जा रही है। इस चैकिंग के दौरान एसडीएम छछरौली की टीमों द्वारा 1373 वाहनों की चैकिंग की गई। जगाधरी की टीमों द्वारा 256 वाहनों की चैकिंग के दौरान 1 वाहन सीज कर 4 लाख 26 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। एसडीएम रादौर की टीमों द्वारा 288 वाहनों की चैकिंग के दौरान 4 वाहनों का चालान कर 2 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया।

यमुनानगर। जगाधरी में आयोजित धार्मिक संत संकीर्तन कार्यक्रम में प्रवचन करते हुए साध्वी भारती व श्रवण करती साध संगत। फोटो : हरिभूमि

गुरु के वचनों का उल्लंघन करने का संपूर्ण सृष्टि में नहीं है सामर्थ्यः भारती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा आयोजित किया धार्मिक संत संकीर्तन कार्यक्रम
- साध्वी नीलम भारती ने गुरु के वचनों का मानव जीवन में बताया महत्व

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा रविवार को जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में धार्मिक संत संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साध्वी नीलम भारती ने मानव जीवन में गुरु के वचनों का महत्व बताया। मौके पर भजनों के माध्यम से प्रभु का गुणगान किया गया।

साध्वी नीलम भारती ने फरमाया कि प्रत्येक शब्द का अपना महत्व होता है। शब्द की अपनी ऊर्जा का स्पंदन होता है। जो बोलने वाले के आत्मिक स्तर से जुड़ा रहता है। एक साधारण व्यक्ति के द्वारा कहे गए शब्द केवल सुनने वाले को एक सीमित स्तर तक ही प्रभावित कर सकते हैं। लेकिन वो शब्द जो दिव्य अलौकिक स्रोत से जुड़े हुए व्यक्तित्व के द्वारा कहे जाएं तो उनके भीतर प्रकृति के सभी नियमों को बदल देने का सामर्थ्य होता है। साध्वी ने समझाया कि जब निराकार ब्रह्म धरती पर हमारे जैसा मनुष्य बन कर संपूर्ण मानव जाति के कल्याण हेतु धरती पर अवतरित होता है। तब उसके द्वारा कहा गया प्रत्येक शब्द दिव्य व अलौकिक होता है। इसीलिए उन्हें गुरु वचन की संज्ञा दी जाती है। वह परमात्म शक्ति जन्म और मृत्यु से परे होते हुए भी हमारे कल्याण के लिए एक सीमित दायरे में बंध जाती है। लेकिन उसकी असीम शक्तियों का स्तर व सामर्थ्य पूर्ण रूप से क्रियाशील रहता है। हमारे शास्त्र गुरु के वचनों का महत्व बताते हुए कहते हैं कि गुरु के वचनों में शिष्य के मृत्यु योग तक को काटने का सामर्थ्य होता है। क्योंकि गुरू के वचन केवल शब्द नहीं होते हैं वह संपूर्ण ब्रम्हांड की शक्ति को संजोए हुए ऊर्जा पुंज होते हैं। जो उनके श्रीमुख से विस्फारित होने के पश्चात सम्पूर्ण प्रकृति के लिए एक आदेश रूप हो जाते हैं। जिन्हें घटित होने से कोई नहीं रोक सकता। गुरु के वचनों का उल्लंघन करने का सामर्थ्य इस संपूर्ण सृष्टि में किसी के पास भी नहीं है। लेकिन एक शिष्य गुरु के अस्तित्व को साधारण समझते हुए कभी अपनी बुद्धि और मन के दायरे में उलझ कर गुरू वचनों का उल्लंघन कर देता है। लेकिन इससे गुरु की क्षति नहीं अपितु स्वयं शिष्य का ही आध्यात्मिक उत्थान बाधित होकर उसकी आत्मा का पतन हो जाता है। क्योंकि गुरु के वचन सदैव शिष्य के लिए हितकारी होते हैं। जब गुरू शिष्य को अपने वचनों के द्वारा कोई संदेश प्रदान करते हैं तो वह संदेश उस शिष्य के भूत, भविष्य और वर्तमान को देख कर ही दिया जाता है। यदि शिष्य सदैव गुरू वचनों के सुरक्षा कवच में बंधा रहे तो उसका इस लोक में और परलोक में भी कभी अहित नहीं हो सकता। गुरु वचन ही शिष्य के शिष्यत्व का आधार हैं। क्योंकि जो गुरु के वचनों का पालन ही न करे वो कैसे शिष्य हो सकता है।

मां के जागरण में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

श्री अमर ज्योति क्लब के तत्वावधान में रामपुरा कॉलोनी में सभी की सुख समृद्धि एवं कल्याण के लिए माता रानी का जागरण करवाया गया। जागरण में मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम यमुनानगर के पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर पवन बिट्टू शामिल हुए। बंसी धमाका एवं मनु सिकंदर पार्टी के सदस्यों ने अपने भजनों से श्रद्धालुओं को निहाल किया।

माता रानी के जागरण को लेकर कॉलोनी के मुख्य द्वार व पार्क को खूब सजाया संवारा गया। माता जंगला वाली के मंदिर से जागरण के लिए ज्योति पहले श्री हनुमान मंदिर रामपुरा कॉलोनी में लाई गई। बाद में इसे ढोल नगाड़े के साथ आचार्य शारदा मिश्रा की अगुवाई में जागरण स्थल पर लाया गया। यहां पूजा अर्चना की गई। जिसमें मुख्य अतिथि पवन बिट्टू के अलावा रोशन लाल उर्फ पप्पू, दविन्द्र मेहता, सोमप्रकाश, मंगल कौशल यजमान के रूप में उपस्थित हुए। आचार्य शारदा मिश्रा ने पूजा अर्चना करवा कर माता रानी की ज्योति प्रज्ज्वलित करवाई। इसके बाद बंसी धमाका एवं मनु सिकंदर ने अपने भजनों से श्रद्धालुओं को निहाल किया। भजनों पर श्रद्धालु इतने मग्न हुए की झूमने पर मजबूर हो गए। श्री अमर ज्योति क्लब के विपिन उर्फ दारा, रमेश मगो, सतपाल मेहता, रमेश, रवि लूथरा, उज्जवल लूथरा,अमित जांबा ,अजीत सिंह, विक्की मगगो, सुधीर शर्मा व योगेश भल्ला ने बताया कि हर वर्ष अमन चैन व सब की सुख समृद्धि के लिए माता रानी का जागरण करवाया जाता है।

यमुनानगर। रामपुरा कॉलोनी में माता रानी के जागरण में ज्योति प्रज्ज्वलित करते मुख्य अतिथि व अन्य।

अधिकारों का ज्ञान होना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

ग्लोबल रिसर्च ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन नाचरौन(रादौर) में बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) दिवस के उपलक्ष्य में मंथन एजुकनेक्ट-2025 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्यों व शिक्षकों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग हरियाणा के वैज्ञानिक (पेटेंट सूचना केंद्र) डॉ. राहुल तनेजा ने भाग लिया। वहीं, विशिष्ठ अतिथि के रुप में संस्थान के चेयरमैन सीए एसके जिंदल व वाइस चेयरमैन इंदु जिंदल मौजूद रहे। जबकि अध्यक्षता प्रिंसीपल डॉ. अश्विनी कुमार ढींगरा व निदेशक डॉ. लक्ष्य अग्रवाल ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता समेत अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती की वंदना करके किया। मुख्य वक्ता एवं विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के वैज्ञानिक डॉ. राहुल तनेजा ने नवाचार, अनुसंधान और बौद्धिक संपदा अधिकारों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क एवं बौद्धिक संपदा अधिकार से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण बातों के विषय में गहनता से जानकारी दी।

यमुनानगर। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता को स्मृतिचिन्ह भेंटकर सम्मानित करते हुए संस्थान के चेयरमैन सीए एसके जिंदल व अन्य। फोटो : हरिभूमि

रामपुरा कॉलोनी यमुनानगर में नागरिकों ने किया कार्यक्रम

मौन धारण कर आतंकी हमले के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

- हिंदुस्तान जिंदाबाद व पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर की रामपुरा कॉलोनी में नागरिकों ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हुए कायराना आतंकी हमले के विरोध में रोष प्रदर्शन किया। इस दौरान नागरिकों ने दो मिनट का मौन धारण कर मृतकों को श्रद्धांजलि दी और हिंदुस्तान जिंदाबाद व पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। रामपुरा कॉलोनी के गणमान्य लक्ष्य दत्ता ने कहा कि आज देश भर में पहलगाम में हुई घटना की कठोर शब्दों में निंदा की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह हमला मानवता के खिलाफ एक जघन्य अपराध है। जिसने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया है।

उन्होंने कहा कि हम इस दुःखद घटना में शहीद हुए सभी निर्दोष नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। देश इस कठिन समय में सरकार द्वारा उठाए जा रहे हर आवश्यक कदम का पूर्ण समर्थन करता है और आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में सरकार के साथ चट्टान की तरह खड़ा है। दत्ता ने कहा कि इस अमानवीय कृत्य ने देश के हरेक नागरिक के हृदय को आहत किया है।

रामपुरा कॉलोनी के नागरिकों ने हमले में शहीद हुए सभी निर्दोष नागरिकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोकाकुल परिवारों के प्रति गहन संवेदना व्यक्त की। उन्होंने केंद्र सरकार से इस जघन्य अपराध में शामिल सभी दोषियों को अविलंब चिह्नित कर उनके विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई किए जाने की मांग की।

इस अवसर पर राम प्रकाश मक्कड़, सुमन, राकेश कुमार, कृष्णा धवन, मंजू, साक्षी, लक्ष्मी, पूजा व सुरभि आदि मौजूद रहे।

रामपुरा कॉलोनी में पहलगांव आतंकी हमले में मौत का शिकार हुए मृतकों की आत्मिक शांति के लिए मौन धारण करते नागरिक। फोटो : हरिभूमि

खबर संक्षेप



भागवत कथा में गोवर्धन पूजा का किया वर्णन

कुरुक्षेत्र। आरके एन्क्लेव, पटियाला बैंक कॉलोनी में श्री गो गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में भागवत प्रवक्ता कथावाचक अनिल शास्त्री ने श्रीगोवर्धन पूजा का वर्णन किया। संस्थापक अध्यक्ष भागवत प्रवक्ता कथावाचक अनिल शास्त्री ने गोवर्धन पूजा की कथा सुनाते हुए कहा कि गोवर्धन लीला ज्ञान भक्ति बढ़ानेवाली लीला है। गोवर्धन लीला से इंद्र को और जगत को श्रीकृष्ण के स्वरूप का और सामर्थ्य का ज्ञान हुआ।

अब तक 5,40,829 एमटी गेहूं की खरीद

थानेसर। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि कुरुक्षेत्र के विभिन्न खरीद केन्द्रों और मंडियों में विभिन्न एजेंसियों द्वारा 5 लाख 40 हजार 829 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा जा चुका है। इन खरीद केन्द्रों से 69 प्रतिशत लिफ्टिंग का कार्य पूरा किया गया है। उपायुक्त नेहा सिंह ने बातचीत करते हुए कहा कि गेहूं के सीजन में खाद्य आपूर्ति एजेंसी द्वारा 3 लाख 15 हजार 899 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा है। इसके अलावा हैफेड ने 1 लाख 96 हजार 779 मीट्रिक टन, हरियाणा वेयर कारपोरेशन द्वारा 8 हजार 868 एमटी गेहूं खरीदा गया।

सीनियर सिटीजन संगठन के अध्यक्ष बने चंद्र मोहन

शाहबाद। नगर की सामाजिक संस्था सीनियर सिटीजन संगठन की बैठक एक निजी स्कूल में की गई जिसमें सर्वसमिति से चंद्र मोहन कोहली को अध्यक्ष पद के लिए चुना गया। अमरनाथ शर्मा को सचिव की जिम्मेवारी दी गई और अशोक भाटिया को कोषाध्यक्ष के लिए चुना गया। सभी पदाधिकारी को संगठन की ओर से सर्व समिति से चुना गया संगठन के सदस्यों द्वारा पदाधिकारी को पुष्प गुच्छ भेंट किए गए।

आपसी सौहार्द और शांति बनाएं रखें आमजनः डीसी

कुरुक्षेत्र। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले की घटना बेहद दुखद एवं दर्दनाक है। उन्होंने समस्त जिलावासियों से अपील की है कि सभी आमजन आपसी सौहार्द और शांति बनाकर रखे। कोई भी व्यक्ति किसी भी ऐसी घटना में शामिल न हों, जिससे जिला में कानून व्यवस्था बिगड़े और कोई आपात स्थिति पैदा हो। उपायुक्त नेहा सिंह ने आमजन से यह भी अपील की है कि सोशल मीडिया जैसे फेसबुक, वाट्सएप, इंस्टाग्राम व अन्य किसी सोशल अकाउंट पर किसी तरह का भडकाऊ कंटेट पोस्ट न करें।

केयू कार्यकारिणी परिषद की 285वीं बैठक का आयोजन

52 शिक्षकों की पदोन्नति के खुले लिफाफे फाइव-डे-वीक प्रस्ताव को मिली हरी झंडी

बैठक में पहली बार एक साथ 5 सीनियर प्रोफेसर की नियुक्ति की लिफाफे भी खोले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र। बैठक में मौजूद कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में रविवार को कार्यकारिणी परिषद 285वीं बैठक में पहली बार ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए बजटीड एवं एसएफएस 52 शिक्षकों की पदोन्नति के लिफाफे खोलकर उन्हें मंजूरी प्रदान की गई। इसके साथ ही फाइव-डे-वीक का प्रस्ताव भी आम सहमति से कार्यकारिणी परिषद की बैठक में पास हुआ। बैठक में पहली बार एक साथ 5 सीनियर प्रोफेसर की नियुक्ति की लिफाफे भी खोले गए। यह जानकारी देते हुए लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि विधि विभाग के प्रो. दलीप कुमार, जियोफिजिक्स से प्रो. दिनेश कुमार, प्रबंधन विभाग से प्रो. सुदेश छिकारा, कंप्यूटर साइंस विभाग से प्रो. शुचिता उपाध्याय तथा रसायन विभाग के प्रो. संजीव अरोड़ा को सीनियर प्रोफेसर पद पर नियुक्ति को मंजूरी मिली है। उन्होंने बताया कि केयू इतिहास में पहली बार ईसी में 52 शिक्षकों को एक साथ पदोन्नति देने की मंजूरी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि अर्थशास्त्र विभाग की डॉ. हेमलता, डॉ. अर्चना चौधरी, जूलोजी विभाग के डॉ. दीपक राय बब्बर, रसायन विभाग से डॉ. परवीन कुमार, फिजिक्स विभाग से डॉ. सुमन मेहंदिया को सीएएस के तहत प्रोफेसर पद पर नियुक्ति को मंजूरी मिली। इसके साथ ही यूआईईटी (एसएफएस) के डॉ. संजीव आहूजा, डॉ. राजेश अग्निहोत्री, आईआईएचएस (एसएफएस) से डॉ. रेनू मालरा, टूरिज्म एंड होटल मैनेजमेंट से डॉ. सुरजीत कुमार व डॉ. अंकुश अम्बरदार, यूआईईटी से डॉ. राम अवतार, डॉ. विजय गर्ग, डॉ. कुलविन्द्र सिंह व डॉ. अजय जांगड़ा को सीएएस एसोसिएट प्रोफेसर पद पर पदोन्नति की मंजूरी प्रदान की गई है। इसके साथ ही बैठक में प्रबंधन अध्ययन संस्थान (एसएफएस) से डॉ. राजन शर्मा, डॉ. जयकिशन चंदेल, फामेर्सी संस्थान से डॉ. मंजूषा व डॉ. सुखबीर लाल, यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट से डॉ. अजय सोलखे, आईआईएचएस से डॉ. सुरेन्द्र कुमार, यूआईईटी से डॉ. रीटा देवी, ललित कला से डॉ. जया दरोंदे को एसोसिएट प्रोफेसर पद पर पदोन्नति की मंजूरी मिली। उन्होंने बताया कि गणित विभाग में तीन नए शिक्षकों की नियुक्ति को भी हरी झंडी मिली है। इसके साथ ही कई अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई व फैसले लिए गए। इस बैठक में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल, प्रो. सुनील ढींगड़ा, प्रो. प्रीति जैन, प्रो. उषा रानी, डीएवी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रामपाल सैनी, डॉ. गुरचरण सिंह, डॉ. कमलकांत, कुलपति के ओएसडी पवन रोहिला, सहायक कुलसचिव विनोद वर्मा, डॉ. पंकज गुप्ता सहित विश्वविद्यालय कार्यकारिणी परिषद के सदस्य मौजूद रहे।

इन शिक्षकों को भी मिली पदोन्नति

प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि यूआईईटी के डॉ. उपेन्द्र दुल, डॉ. सविता, डॉ. निखिल मारीवाला, डॉ. पुनीत बंसल, व डॉ. संजय काजल, ललित कला विभाग से डॉ. राकेश बानी, डॉ. आनंद जायसवाल, यूएसएम से डॉ. सलोनी पी दिवान व आईएमएस से डॉ. अनिल कुमार को सीएएस एसएफएस के तहत एसोसिएट प्रोफेसर पद पदोन्नति को मंजूरी प्रदान की गई। इसके साथ ही आईआईएचएस के डॉ. संतोष कुमार दुबे, रसायन से डॉ. आशु चौधरी, डॉ. सुरेश कुमार, कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन से डॉ. कंवल गर्ग, ललित कला से डॉ. मोनिका गुप्ता, सांख्यिकी विभाग से डॉ. जितेन्द्र कुमार, जियोलॉजी विभाग से डॉ. नरेश कुमार, डॉ. ओम प्रकाश, जियोफिजिक्स विभाग से डॉ. आरबीएस यादव व डॉ. मनीषा संधू को सीएएस के तहत एसोसिएट प्रोफेसर पद पर पदोन्नति की स्वीकृति कार्यकारिणी परिषद द्वारा दी गई। उन्होंने बताया कि एसएफएस स्कीम के तहत विधि संस्थान के डॉ. संतलाल, डॉ. रमेश कुमार, डॉ. अमित कुमार, डॉ. कृष्णा, डॉ. पूनम तथा आईएमसीएंडएमटी से डॉ. मधु को सीएएस के तहत एसोसिएट प्रोफेसर पद पर पदोन्नति की मंजूरी प्रदान की गई।

निःशुल्क बस सेवा का अब तक सैकडों लोग उठा चुके हैं लाभ

- कुरुक्षेत्र सेवा न्यास के तत्वावधान में प्रत्येक बुधवार को पीजीआई चंडीगढ़ के लिए चलती है बस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र सेवा न्यास के तत्वावधान में हर बुधवार को कुरुक्षेत्र से पीजीआई चंडीगढ़ के लिए निशुल्क बस सेवा का सैकड़ों लोग अब तक लाभ उठा चुके हैं। यह बस सेवा लोगों के लिए एक वरदान बनी हुई है। निशुल्क सेवा के माध्यम से अनेकों लोग पीजीआई चंडीगढ़ से अपना उपचार कर चुके हैं। कुरुक्षेत्र सेवा न्यास के तत्वावधान में चल रही निशुल्क बस सेवा की प्रशंसा करते हुए नीमा के प्रधान राजीव अत्री व डॉ. मदन खन्ना ने बताया कि यह बस सेवा प्रत्येक बुधवार को कुरुक्षेत्र के बिरला मंदिर से चलकर पिपली पहुंचती है। पिपली में बस सेवा लोगों को लेकर चंडीगढ़ पीजीआई के लिए निकलती है उन्होंने बताया कि निशुल्क बस सेवा के लिए शहर में 6 सेवा केंद्र बनाए गए हैं। जहां पर निशुल्क बस सेवा का फायदा उठाने के लिए रजिस्ट्रेशन किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस बस सेवा के माध्यम से सैकड़ों लोग अब तक इसका लाभ उठा चुके हैं। कुरुक्षेत्र सेवा न्यास के सक्रिय सदस्य प्रेमनाथ अनेजा, पंकज खन्ना, अरविंद, संजय सहगल, सुरेश अरोडा, सतपाल, अशोक कुमार, सुनील कुमार ने बताया कि कुरुक्षेत्र सेवा न्यास बस शुरू करने का का एक ही उद्देश्य है कि जरूरतमंद की मदद की जाए।

4.870 किलोग्राम चूरापोस्त सहित आरोपी काबू

कुरुक्षेत्र। हरियाणा प्रदेश को नशा मुक्त करने के हरियाणा सरकार के अभियान को साकार करने में हरियाणा एनसीबी लगातार सफलताएं पा रही है। इसी कड़ी में सफलता प्राप्त करते हुए ब्यूरो की कुरुक्षेत्र यूनिट ने जिले के इस्माईलाबाद थाना एरिया के क्लासिक फार्म इस्माईलाबाद के नजदीक से अवैध नशीले पदार्थ के कारोबार मे लिप्त एक नशा तस्कर को कैंटर सहित गिरफ्तार किया। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने इस्माईलाबाद मे अंबाला कैथल हाइवै पर क्लासिक फार्म के पास से आरोपी को कैंटर सहित काबू किया। आरोपी की पहचान सुनील कुमार पुत्र मोहन लाल के रूप मे हुई। जो गाँव जौला कलाँ जिला मोहाली, पंजाब का रहने वाले है।

घर के कचरे से खाद बनाने के सिखाए तरीके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

यूएसएफ कुरुक्षेत्र द्वारा अपनी तिमाही कार्यशाला का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया, जिसमें जीरो वेस्ट एट जीरो कोस्ट विषय पर सत्र डॉ. सुभाष गर्ग और साइबर सिक्योरिटी विषय पर सत्र डॉ. रघुवीर तगेजा द्वारा लिए गए। कार्यक्रम का आयोजन अध्याय संयोजक डॉ. सुषमा शर्मा और सह-संयोजक डॉ. राम निवास के नेतृत्व में हुआ तथा इसमें कुल 96 उत्साही शालिनियों ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यशाला के पहले सत्र में डॉ. सुभाष गर्ग कुरुक्षेत्र नर्सिंग होम ने शालिनियों को शून्य लागत पर घर के गीले कचरे से जैविक खाद बनाने के व्यावहारिक और आसान तरीके सिखाए। उन्होंने समझाया कि कैसे रसोई और बगीचे से निकलने वाले गीले कचरे का सही तरीके से प्रबंधन कर हम न केवल पर्यावरण संरक्षण कर सकते हैं, बल्कि उच्च गुणवत्ता वाली खाद भी तैयार कर सकते हैं जो खेती और पौधों के लिए अत्यंत लाभकारी है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने प्लास्टिक के कचरे को बोतलों में भरकर सुरक्षित रखने का अनूठा उपाय भी साझा किया ताकि वह मिट्टी और जल को प्रदूषित करने से रोका जा सके। डॉ. गर्ग ने पर्यावरण के प्रति जागरूकता और व्यक्तिगत प्रयासों के महत्व पर भी बल दिया। दूसरे सत्र में डॉ. रघुवीर तगेजा ने शालिनियों को साइबर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर गहन जानकारी दी।

- यूएसएफ कुरुक्षेत्र ने अपनी तिमाही कार्यशाला का किया आयोजन

दीपांशु ने खेलों में जीते दो स्वर्ण पदक

शाहबाद। गीता विद्या मंदिर के कक्षा आठवीं के दीपांशु ने जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता के अंडर 14 में रिले रेस 100 मीटर में स्वर्ण पदक, रेस में 100 मीटर में स्वर्ण पदक व लंबी कूद में सिल्वर पदक लेकर विद्यालय व माता-पिता का नाम रोशन किया। विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्य निशा गोयल द्वारा दीपांशु को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि खेल हमारे जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

समाज की दशा मानव के मन की दशा के ऊपर निर्भर करती : दिवेशा भारती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा अमीन रोड, 7 सी, कुरुक्षेत्र में भव्य आध्यात्मिक सत्संग समागम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वेद मंत्रोचारण के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान दिव्य गुरु आशुतोष महाराज की शिष्य साध्वी सुश्री दिवेशा भारती ने समाज की दशा का वर्णन करते हुए कहा कि समाज की दशा मानव के मन की दशा के ऊपर निर्भर करती है। जब किसी वृक्ष के फलों को कीड़ा लग जाए तो उसकी जड़ों को खाद पानी और दवाई से सींचा जाता है ताकि फिर से वह वृक्ष स्वस्थ हो पाए। इसी प्रकार वैमनस्यता, स्वार्थ परायणता, भ्रष्टाचार, अशुद्ध आचरण समाज रूपी वृक्ष के रोग है जिन्हें समाप्त करने के लिए इसकी जड़ पर कार्य करना होगा और समाज का निर्माण करने वाले मानव ही इसकी जड़ हैं। आगे साध्वी जी ने इस समस्या का निदान देते हुए कहा कि समाज में परिवर्तन तभी संभव है जब समाज का निर्माण करने वाले मानव के हृदय के भीतर सकारात्मक परिवर्तन आए।

मां ज्वाला जी से शुरू भक्ति-शक्ति यात्रा 3 मई को पहुंचेगी कुरुक्षेत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अक्षय तृतीया के पावन दिवस 30 अप्रैल को मां ज्वाला जी से पवित्र अखंड जोत लेकर एक धार्मिक यात्रा भक्ति-शक्ति यात्रा के रूप में धमार्चार्य, संत-महात्माओं के सानिध्य में उत्तर भारत के कई राज्यों हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, राजस्थान से होते हुए श्रीगुरु गौरखनाथ प्रकट दिवस के अवसर पर 12 मई को 2000 किलोमीटर दूर मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिला के घूरेल मे पशुपतिनाथ मंदिर में पहुंचेगी, जो अध्यातम एवं सामाजिक समरसता का अद्भुत संगम होगी। भक्ति शक्ति यात्रा के हरियाणा प्रवास के दौरान व्यवस्था व आयोजनों के बारे एक समीक्षा मीटिंग ज्ञान चन्द जैन की अध्यक्षता मे हुई। उन्होंने आगे बताया कि यह यात्रा 3 मई को पंजाब से होते हुए ट्यूकर बॉर्डर के रास्ते हरियाणा मे प्रवेश करेगी जिसका भव्य सरपंच प्रतिनिधि राजीव कुमार, केडीबी सदस्य ऋषिपाल मथाना, सुरेन्द्र माजरी की टोली के द्वारा किया जाएगा और हरियाणा मे इस यात्रा का पहला पड़ाव मां सरस्वती की पेहोवा नगरी के गांव सरस्वती खेड़ा कलोनी मे होगा जहां हजारों भक्तों द्वारा मां ज्वाला जी की अखंड जोत के भव्य दर्शन, सत्संग किये जायेगे और प्रसाद वितरण होगा।

चित आहार और व्यायाम से विभिन्न बीमारियों से बचाव संभवः डॉ. हिमांशु

- डी.आर. जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने ग्राम सरवन माजरा में लगाया निःशुल्क मेडिकल कैंप किया आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र। कैप में मौजूद चिकित्सक।

ग्राम सचिवालय सरवन माजरा में निशुल्क सामान्य चिकित्सा व परामर्श शिविर डी.आर. जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र के सौजन्य से लगाया गया। अस्पताल के निदेशक एवं ब्रेन व स्पाइन न्यूरो सर्जन डॉ हिमांशु जैन ने कहा कि निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन लोक कल्याणकारी कार्य है। इससे जरुरतमंदो को लाभ मिलता है। कैंप में बुजर्गो को होने वाली बीमारियों के लक्षण, कारण, उपचार व सावधानियों के बारे में विस्तार से अवगत करवाया। अल्जाइमर, दृष्टि का कम होना, ऑस्टियोपोरोसिस गठिया, कानों से कम सुनना व अन्य सामान्य विकार कब्ज, विभिन्न दवाओं के सेवन से उन पर दुष्प्रभाव पड़ सकता है, जिससे बार-बार चक्कर आना या संतुलन बिगड़ने की समस्या हो सकती है। उन्होंने बताया कि आजकल वृद्ध लोगों विशेष रूप से महिलाओं में पैल्विक मांसपेशियां मूत्राशय को नियंत्रित करने की क्षमता खो देती हैं। पुरुषों में, उम्र बढ़ने के कारण मुख्य रूप से प्रोस्टेट ग्रंथि का बढ़ना असंयम का कारण बनता है। मगर उचित दवा और अधिक महत्वपूर्ण रूप से उचित आहार और व्यायाम व्यवस्था के साथ गंभीरता को निश्चित रूप से प्रबंधित किया जा सकता है। डॉ संजय शर्मा के नेतृत्व में लगे इस 1995वें निशुल्क कैंप में 118 रोगियों को परामर्श, चैकअप, ब्लड शुगर, प्लस रेट, हिमोग्लोबिन व फ्री दवाइयां दी गई।

धूमधाम से निकली भगवान परशुराम की शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भगवान परशुराम सेवा समिति सेक्टर -7 के सौजन्य से भगवान परशुराम की शोभा यात्रा गाजे- बाजे के साथ निकाली गई। शोभा यात्रा निकालने से पहल कश्मीर में शहीद हुए शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। सेक्टर -7 के सर्व समाज ने हिस्सा लिया और भगवान श्रीपरशुराम के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। शोभा यात्रा सेक्टर -7 के शिव शक्ति मंदिर से निकाली गई। शंख गाड़ियाल बजाते हुए नारी शक्ति व समाज के साथ रथ यात्रा निकली। इस अवसर पर कार्यकारिणी के सदस्य अध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा, वाई पी शर्मा, डॉ सुशील शर्मा, डॉ सुरेश शर्मा, रामदत्त शर्मा, ब्रह्मप्रकाश शर्मा, राजेश भारद्वाज, डॉ संजीव शर्मा, जयपाल शर्मा, डॉ ओमप्रकाश शर्मा व पंडित कुलदीप शर्मा, गुरुदत शर्मा आदि उपस्थित रहे।

इंसानियत ट्रस्ट ने 100वीं गरीब कन्या की शादी में किया सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

इंसानियत ट्रस्ट लगातार समाजसेवा के कार्यों में लगी हुई है। इंसानियत ट्रस्ट का लक्ष्य है कि हर जरूरतमंद की मदद की जाए। इसी उद्देश्य पर चलते हुए इंसानियत ट्रस्ट ने 100 से अधिक जरूरतमंद गरीब कन्याओं की शादी में सहयोग करने का काम किया है। इंसानियत ट्रस्ट ने जिस गरीब कन्या की शादी में सहयोग किया है, उसका परिवार बहुत ही गरीब है। इस गरीब परिवार के पास अपनी बेटी के हाथ पीले करने के लिए जुगाड़ तक नहीं था। ऐसे समय में इस गरीब बेटी के पिता ने इंसानियत ट्रस्ट से अपनी बेटी की शादी में सहयोग की गुहार लगाई। जिसके बाद इंसानियत ट्रस्ट ने इस गरीब कन्या की शादी में सहयोग किया। ट्रस्ट के संचालक के करण सैनी बताते हैं कि ट्रस्ट का एक ही उद्देश्य रहता है कि जरूरतमंद की मदद की जाए और इसी उद्देश्य को सामने रखते हुए ट्रस्ट पिछले कई सालों से इस मुहिम में लगा हुआ है मुहिम के तहत वे अब तक 100 से अधिक गरीब कन्याओं की शादी में सहयोग कर चुके हैं। ट्रस्ट के उप प्रधान बाबूराम तुषार ने बताया कि ट्रस्ट जहां गरीब कन्याओं की शादी में सहयोग कर रही है, वहीं ट्रस्ट गरीब बच्चों की पढ़ाई में भी सहयोग करती आई है। अभी पिछले दिनों ट्रस्ट ने ऐसे दो गरीब बच्चों को निशुल्क किताबें उपलब्ध कराई है जिनके पास किताबें खरीदने का जुगाड़ तक नहीं था।

कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर ने शिविर में पर रखे महत्वपूर्ण विचार

ब्रह्माकुमारीज : प्रभु अनुभूति भवन शाहाबाद में चल रहे 8 दिवसीय 'वाह जिंदगी वाह' शिविर का समापन

स्वयं को आत्मा समझ परमात्मा को याद करना ही सच्चा राजयोग : डॉ. स्वामीनाथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहाबाद

अंतरराष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर राजयोगी ब्रह्माकुमार डॉ. ई.वी. स्वामीनाथन ने बताया कि शरीर की एक्सरसाइज योगा है और मन की एक्सरसाइज योग है। दोनों को साधना जरूरी है, ताकि हम संतुलन बनाए रखें। ब्रह्माकुमारीज : प्रभु अनुभूति भवन शाहाबाद में चल रहे 8 दिवसीय 'वाह जिंदगी वाह' शिविर के समापन पर उन्होंने बताया कि जब मन और बुद्धि एक कार्य पर टिक जाते हैं, उसे एकाग्रता कहते हैं। यही सफलता की कुंजी है। उन्होंने बताया कि स्वयं को आत्मा समझ कर परमात्मा को याद करना ही सच्चा राजयोग है। यही हमें आंतरिक शक्ति और शांति प्रदान करता है।भक्ति और आध्यात्म में भावनाओं का महत्वपूर्ण स्थान है। बिना भावना के साधना अधूरी है।उन्होंने कहा कि आज हमने तय किया कि अब अपने जीवन को सही दिशा में ले जाने के लिए एक ठोस योजना बनाएंगे। जीवन का हर क्षण अनमोल है। हमारा मन आकाश तत्व से बना है। जब मन अशांत होता है, तो शरीर भी बीमार होता है। इसलिए मन को शांत रखना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि हमें राजयोग के माध्यम से परमात्मा को पहचानना और आत्मा को शक्तिशाली बनाना है। उन्होंने बताया कि ऊर्जा न बनाई जा सकती है, न ही नष्ट की जा सकती है। इस वैज्ञानिक नियम को आध्यात्मिक रूप से समझाया गया कि हमारा आत्मिक बल भी अमर है। उन्होंने बताया कि परमात्मा हमें केवल जीने की कला सिखाते हैं, यानि केवल कैसे जीना नहीं, बल्कि कैसे सम्मान और शांति के साथ इस जीवन से विदा होना है। स्वामी भाई ने कहा कि बच्चों को मेडिटेशन सिखाना अत्यंत आवश्यक है। जो आदतें माता-पिता अपनाते हैं, वही बच्चे भी जल्दी सीखते हैं। साथ ही, ड्रॉइंग और इमेजिनेशन को बढ़ावा देना चाहिए क्योंकि कल्पना ज्ञान से अधिक शक्तिशाली है। इससे पहले मुख्यातिथि नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष हरीश क्वातरा, मनीष मलिक, विक्की सेठी, नगर पालिका सदस्या निशा ठकराल व अमित सिंगला, सदस्या पति कुलवंत शर्मा, कमलेश गुप्ता, राजेंद्र रावत आदि ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। केंद्र प्रभारी बीके नीति दीदी व निजा दीदी ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए।

ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में जगदीश सभ्रवाल, गौरव सभ्रवाल, नेहा विकास कोहली, इनरव्हील क्लब रेणु वधवा, अलका अग्रवाल, आदि ने डॉक्टर ई.वी. स्वामीनाथन को सम्मानित किया। इस दौरान डिंपल, सुरेश शर्मा, बलदेव खुराना, शीला खुराना, आरती सूरी, कमलेश शर्मा, सुनीता, रूबी, गुरमीत, नीतू, रेखा, सुखविंदर, सुनीता, किरण, कंवरपाल, अमरो, सपना, मनीषा, सुषमा, सचिन, कपिल, इंद्रदेव, चंद्रदेव, हंसराज, प्रेम शर्मा, सुरेश शर्मा, पवन परुथी, रेनू परुथी, रजनी, मीनू सपड़ा, राम कुमार, रामशरण, याचिका, अजय, पूनम, रेखा, शकुंतला सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

बुजुर्ग अमूल्य धरोहर, उनके अनुभवों को जीवन में उतारकर आगे बढ़ें युवा

सीनियर सिटीजन वेलफेयर काउंसिल की ओर से आयोजित कार्यक्रम में बुजुर्गों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

बुजुर्ग हमारे प्रेरणा स्त्रोत हैं। हमारे शहर की अमूल्य धरोहर होते हैं। घर में जो हमारे बुजुर्ग होते हैं वे बड़े कीमती होते हैं। उनसे बड़ी कोई चीज नहीं होती । यह अभिव्यक्ति एसडीएम दर्शन कुमार ने सीनियर सिटीजन वेलफेयर काउंसिल सेक्टर-7 अंबाला शहर द्वारा सामुदायिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि कही। इस मौके पर वशिष्ठ अतिथि के तौर पर मेयर शैलजा सचदेवा ने शिरकत की। सीनियर सिटीजन वेलफेयर काउंसिल के पदाधिकारियों ने मुख्यअतिथि व विशिष्ट अतिथि को स्मृति चिह्न देकर उनका यहां पर पहुंचने पर भव्य अभिनंदन भी किया। एसडीएम दर्शन कुमार ने इस मौके पर कहा कि बुजुर्ग हमारे प्रेरणा स्त्रोत होते हैं। उनके जीवन रूपी अनुभव को अपने जीवन में उतारकर हमें आगे बढ़ना चाहिए।

अंबाला। बुजुर्गों को सम्मानित करते एसडीएम दर्शन कुमार व अन्य। फोटो : हरिभूमि

मेयर शैलजा सचदेवा ने सभी बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया

एसडीएम दर्शन कुमार ने कहा कि हमें अपने बच्चों को बुजुर्गों का आदर मान सम्मान बारे प्रेरित करते हुए उनसे प्रेरणा लेकर जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित भी करना चाहिए। एसडीएम ने इस मौके पर सीनियर सिटीजन वेलफेयर काउंसिल द्वारा सामाजिक व धार्मिक क्षेत्र में किए जा रहें कार्यों की प्रशंसा भी की। संस्थाओं को भी इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में आने पर उन्हें बहुत खुशी मिली है तथा बुजुर्गों का आशीर्वाद पाकर वह अपने आप पर गर्व भी महसूस करते हैं। सभी बुजुर्गों के चेहरे पर खुशी झलकती रहे। वे स्वस्थ रहे ऐसी प्रभु से कामना करते हैं। इस मौके पर मेयर शैलजा सचदेवा ने भी उपस्थित सभी बुजुर्गों का आशीर्वाद लेते हुए कहा कि कार्यक्रम में आकर उन्हें ऐसा महसूस हुआ है कि वे अपने ही परिवार में बैठे हैं। बुजुर्ग अपने आप में एक संस्था है। अनुभवों का खजाना हैं। हमें इनसे प्रेरणा लेकर जीवन में आगे बढ़ना चाहिए, अपनी युवा पीढ़ी को बुजुर्गों के संघर्ष व कहानी के माध्यम से तथा उनके जीवन रूपी अनुभव को अपने जीवन में उतारकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित भी करना चाहिए। कुछ देर तो बैठों इन बुजुर्गों के पास--सब कुछ हासिल नहीं होगा गूगल के पास। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग हमारी धरोहर हैं। हमें उनका मान सम्मान करते हुए उनके दिखाए गए रास्ते पर चलकर अपना जीवन जीना चाहिए।

सामुदायिक भवन में जल्द एसी लगाया जाएगा

मौके पर सीनियर सिटीजन वेलफेयर काउंसिल की ओर से सामुदायिक भवन में एसी व बैंच लगाने के साथ-साथ सौंदर्यकरण की बात रखी गई। मेयर ने एसो की मांग को स्वीकृत करते हुए कहा कि सामुदायिक भवन में जल्द ही एसी के साथ-साथ बैंच की व्यवस्था भी की जाएगी। इस अवसर पर 80 से 85 आयु वर्ग के बुजुर्गों को मुख्यअतिथि व विशिष्ट अतिथि द्वारा पुरस्कार देकर उनका अभिनंदन भी किया गया। इस मौके पर काउंसिल के प्रधान जीआर शर्मा ने मुख्यअतिथि व विशिष्ट अतिथि का स्वागत करते हुए बताया कि यह संस्था पिछले कई वर्षों से सामाजिक व धार्मिक कार्यों में आगे आकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही है। कोरोना काल में संस्था के सदस्यों ने आगे आकर टिफिन बॉक्स की सेवा प्रदान की। साथ-साथ संस्था हर वर्ष नागरिक अस्पताल में दूध व फलों की सेवा मरीजों को देते हैं। इस संस्था में अधिकतर सदस्य सरकारी विभागों से सेवानिवृत कर्मचारी व अधिकारी हैं। मौके पर सचिव एसके मदान, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट कौल. एमके स्वामी, फाइनेंस सेक्रेटरी राजेंद्र वशिष्ठ, एडवोकेट संदीप सचदेवा, रेडक्रॉस से मनोज सैनी व संस्था के पदाधिकारीगण के साथ-साथ अजेश्वर जैन, प्रेम चंद, फकीर चंद गुप्ता भी मौजूद रहें।

खबर संक्षेप

समय पर हो गेहूं का उठानः उपायुक्त अजय

अंबाला। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि जिले में 15 मंडियों व खरीद केंद्रों पर सरकारी व अन्य एजेंसियों द्वारा अब तक 233695.3 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो चुकी है। इन मंडियों में अब तक 46852 किसान गेहूँ लेकर पहुंच चुके हैं। इसके अलावा इन मंडियों में एजेंसियों द्वारा गत दिवस तक 73.5 प्रतिशत के साथ 171776 मीट्रिक टन गेहूं के उठान कार्य को पूरा कर लिया है। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने सभी अधिकारियों को गेहूं उठान कार्य में तेजी लाने के आदेश देते हुए कहा कि मंडियों से गेहूं खरीदने के बाद लिफ्टिंग के कार्य में देरी नहीं होनी चाहिए।

नकारा कमरों की होगी खुली बोली

अंबाला। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीसी बाजार में 6 मई को प्रातः: 11 बजे चार नकारा कमरों की खुली बोली की जानी हैं। प्रधानाचार्य रेखा रानी ने बताया कि प्रत्येक बोलीदाता को धरोहर राशि के रूप में 10 हजार रूपए का डीडी/नकद बोली से पूर्व विद्यालय के मुखिया को जमा करवाना होगा। बोलीदाता के हक में बोली छोडऩे के उपरांत कुल राशि का 25 प्रतिशत मौके पर एवं 75 प्रतिशत 72 घंटे के अंदर जमा करवाना होगा। बोली से संबंधित रिजर्व मूल्य व अन्य शर्तें मौके पर ही बता दी जाएंगी।

बच्चों के साथ पत्नी लापता, केस दर्ज

अंबाला। एक महिला अपने बच्चों समेत लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने महिला व उसके बच्चों की आसपास के इलाकों में काफी तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। जिसके बाद थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। अंबाला कैंट के बबलू चौधरी के अनुसार वह बिहार के मधेपुरा जिले का रहने वाला है। वह मजदूरी करता है। जब वह काम पर गया तो उसकी पत्नी सुलेनी देवी व उसके दो बच्चे बिना कुछ बताए घर से चले गए। उसने आसपास के इलाकों में काफी तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका।

वार्ड-चार में नगरपालिका ने करवाई फोगिंग

नारायणगढ़। वार्ड में फोगिंग का दृश्य।

नारायणगढ़। नगरपालिका द्वारा वार्ड नंबर 4 में मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु फॉगिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। नगरपालिका सचिव मोहित कुमार ने बताया कि फॉगिंग के दौरान वार्ड के मुख्य रास्तों, गलियों, नालियों आदि क्षेत्रों में दवा का छिड़काव किया गया। वार्ड सदस्य के प्रतिनिधि प्रवीण धीमान ने कहा कि यह सराहनीय पहल है जिससे वार्ड के नागरिकों को राहत मिलेगी। हम सभी वार्डवासियों से अपील करते हैं कि वे स्वच्छता बनाए रखें और सहयोग करें। नगर पालिका सचिव ने कहा कि आने वाले दिनों में अन्य वार्डों में भी इसी तरह के अभियान चलाए जाएंगे।

2.80 करोड़ रुपये की ठगी के मामले की जांच पूरी, कंबोडिया से जुड़े तार

ठगों ने विदेश में बैठकर दंपत्ति को किया था डिजिटल अरेस्ट

पुलिस ने जांच के दौरान 24 लाख की राशि बरामद की

कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी सात आरोपियों के कब्जे से जब्त

इस मामले में पकड़े गए आरोपी पूछताछ के बाद जेल पहुंच चुके हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

रिटायर्ड बैंक कर्मचारी व उसकी पत्नी को डिजिटल अरेस्ट करने के मामले में पुलिस की जांच पूरी हो गई है। इस मामले में पकड़े गए आरोपी पूछताछ के बाद जेल पहुंच चुके हैं। जांच के दौरान यह बात भी साफ हो गई कि आरोपियों के तार कंबोडिया से जुड़े हुए थे। शातिर ठग कंबोडिया में बैठकर ही डिजिटल अरेस्ट का पूरा खेल करते थे। इस दौरान अरेस्ट होने वाले लोगों से ये ठग मोटी रकम हड़प लेते थे। बाद में वे इस पैसे को अपने खाते से भारत के अलग - अलग गिरोह के सदस्यों को भेजकर अमेरिकी डॉलर क्रिप्टो करेंसी (यूएसडीटी) में बदलवाकर अपने पास मंगवाते थे। बदले में पैसों को यूएसडीटी में बदलवाने वाले गिरोह को कमीशन मिलती थी। पिछले दिनों ही इस गिरोह का भंडाफोड़ अंबाला साइबर थाने की टीम ने किया था।

- अभी तक कुल सात लोग गिरफ्तार हो चुके
- आरोपी ने कुल 24 आईडी बना रखी थी

अंबाला। डिजिटल अरेस्ट के मामले में पकड़े गए शातिर ठग पुलिस हिरासत में। फोटो : हरिभूमि

बैंक खातों से मामले के तार यूपी-बिहार से जुड़े

डिजिटल अरेस्ट मामले की जांच करते हुए पुलिस ने आरोपी की कॉल डिटेल खंगाली तो कंबोडिया से तार जुड़ने की बात सामने आई। बैंक खातों के जरिये मामले के तार यूपी व बिहार से जुड़े। इस मामले में टीम ने अब तक बबलू सहित सात आरोपियों को काबू किया है। जांच के दौरान पता चला कि कंबोडिया से करीब 30 लाख रुपये की राशि को बबलू के खाते में डाली गई थी। बाद में बबलू इस पैसे को यूएसडीटी में बदलकर भेजता था। आरोपियों ने अभी तक इन पैसे को यूएसडीटी में कंवर्ट नहीं करवाया था इसलिए साइबर थाना पुलिस 21 लाख 10 हजार रुपये, लैपटॉप, सेंसर डिवाइस, स्कैनर, आई स्कैनर मशीन, स्वाइप मशीन, बॉयोमेट्रिक मशीन, बैंक किट व मोबाइल बरामद कर पाई। बाकी की करीब 1 लाख 90 हजार रुपये की राशि को दूसरे साथियों में बांट दिया था। इस तरह पुलिस ने अभी तक कुल 24 लाख रुपये बरामद किए है। पुलिस की जांच में यह भी सामने आया है कि बबलू के जो अन्य साथी राजीव व श्रवण फर्जी खाते और आईडी तैयार करवाते थे।

देशभर में 274 शिकायतें मिली

पेमेंट बैंक का कर्मचारी राजीव अपने बिहार के इलाके में जाकर लोगों को अलग-अलग योजनाओं के तहत पैसे दिलवाने की बात बोलकर खाते खुलवाता था। बदले में 500 रुपये से 1 हजार रुपये देता था। इसलिए तरह से आरोपी ने कुल 24 आईडी बना रखी थी। टीम ने जब रिकॉर्ड खंगाला तो उनके खिलाफ देशभर में 274 शिकायतें मिली। यह सभी शिकायतें साइबर धोखाधड़ी से जुड़ी थी। ठगों ने कंबोडिया से इन पैसों को अलग-अलग 54 गिरोह के खातों में डाला गया था। बबलू के पास केवल 30 लाख रुपये आए थे। इस तरह से बुजुर्ग दंपती द्वारा ठगे गए 2.80 करोड़ की राशि को अन्य 54 अलग-अलग खातों में डाली गई। जो विदेश में बैठे आरोपियों को अमेरिकी डॉलर क्रिप्टो करेंसी (यूएसडीटी) में राशि लौटाएंगे। साइबर पुलिस अब विदेश में बैठे ठग गिरोह तक पहुंचने प्रयास कर रही है।

अंबाला कैंट में रहता है दंपत्ति

इन शातिर ठगों ने अंबाला कैंट के पालम विहार में रहने वाले बैंक से रिटायर्ड कर्मचारी रामलुभाया व उनकी पत्नी को एक सप्ताह तक डिजिटल अरेस्ट कर 2.80 करोड़ ठगे थे। इस मामले में पुलिस मुख्य सरगना सहित तीन आरोपियों को काबू कर चुकी है। आरोपियों की पहचान बिहार के बलवा गांव के बबलू कुमार, मध्यप्रदेश के अमलाई कालरी के श्रवण कुमार व लाहासुई कैंप के राजीव सिंह के रूप में हुई है। इससे पहले चार सदस्यों को पकड़कर जेल भेजा था। अभी तक कुल सात लोग गिरफ्तार हो चुके हैं।



नारायणगढ़। साध्वियों से प्रवचन सुनतीं संगत। फोटो : हरिभूमि

भक्त को गुरु के दिखाए रास्ते पर पड़ता है चलना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

रविवार को दिव्य ज्योति जागृति संस्थान हुसैनी रोड स्थित आश्रम में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। इसमें आशुतोष महाराज की परम शिष्या साध्वी हेमसुदा भारती और साध्वी रेनू भारती ने गुरु भक्ति की महिमा को समझाया। उन्होंने कहा कि जिस हृदय में गुरु भक्ति प्रकट हो जाती है वह परम पावन हो जाता है। उसे ज्ञान के मार्ग पर चलते हुए गुरूदेव की आज्ञाओं पर भी चलना पड़ता है। उसे विचार, वैराग्य, और अनुराग के मार्ग पर चलकर आत्मा को परमात्मा की ओर लेकर जाता है।

गुरू अपने शिष्य के भीतर छिपे गुणों का संचार करने के लिए शाम, दाम, दंड भेद हर तरह से उसके अवगुणों पर प्रहार करते हैं। गुरु की भक्ति करने वाले भक्त को गुरु के अनुसार चलना पड़ता है। गुरु उसकी इच्छाएं पूर्ण नहीं करते बल्कि उनकी सभी इच्छाओं को समाप्त कर देते हैं जो सांसारिक बंधन का कारण बनती हैं। गुरू भक्ति एक भक्त की वह सर्वश्रेष्ठ अवस्था है जो तभी प्राप्त हो सकती हैं जब वह अपना अहंकार छोड़कर उस दिव्य सत्ता परमात्मा के साकार स्वरूप के चरणों में समर्पण करता है। उन्होंने बताया कि त्रेता युग में भगवान राम अपने बैकुंठ लोक को प्रस्थान करने लगे तो उन्होंने हनुमान को भी साथ चलने को कहा ।

नारायणगढ़। प्रवचन देतीं साध्वियां।

तब हनुमान ने राम से पूछा क्या आप बैकुंठ में होंगे तो भगवान राम ने कहा कि मैं स्वयं भगवान राम के रुप में नहीं रहूंगा लेकिन मैं भगवान महाविष्णु के रूप में वहां रहूंगा। तब हनुमान ने उत्तर दिया मैं ऐसी जगह नहीं जाउंगा जहां भगवान राम नहीं होंगे। मैं आपके नाम का ध्यान करता रहूंगा। अब भी एक रिवाज़ है जहां भगवान राम का नाम भक्ति और श्रद्धा के साथ लिया जाता है उस स्थान पर हनुमान बैठे होंगे। सत्संग के बाद साध संगत को प्रसाद का भी प्रसाद का भी वितरण किया गया।

बराड़ा। कार्यशाला में प्रशिक्षण लेने वाले प्रतिभागी शिक्षक।

अध्यापकों को प्रभावी कक्षा प्रबंधन के विविध पहलुओं से करवाया अवगत

बराड़ा। संत मोहन सिंह पब्लिक स्कूल में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के तत्वावधान में दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय क्लासरूम मैनेजमेंट रहा। इस अवसर पर सीबीएसई द्वारा नियुक्त रिसोर्स पर्सन ऋतू मखीजा और शीतल शर्मा ने अध्यापकों को प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान दोनों विशेषज्ञों ने अध्यापकों को प्रभावी कक्षा प्रबंधन के विविध पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बताया कि किस प्रकार एक सुसंगठित कक्षा वातावरण तैयार कर अध्यापन को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। साथ ही अध्यापकों के शिक्षण विधियों का वर्गीकरण करते हुए इस बात पर भी बल दिया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत आने वाले समय में शिक्षण शैली में आवश्यक बदलाव लाने होंगे ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा सके। कार्यक्रम के समापन पर स्कूल प्रिंसिपल वरिंदर कौर व्र वाइस प्रिंसिपल हरविंदर सिंह ने रिसोर्स पर्सन्स तथा सभी अध्यापकों का आभार व्यक्त किया।

महापुरुषों का अपमान करने वालों के खिलाफ बने कानूनः महेंद्र सिंह तंवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की जिला कार्यकारिणी की बैठक रविवार को यमुनानगर के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता महासभा के जिला अध्यक्ष गुरदीप सिंह राणा ने की। वहीं, मुख्यातिथि के रुप में महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट महेंद्र सिंह तंवर ने भाग लिया। मुख्यातिथि एवं महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट महेंद्र सिंह तंवर ने कहा कि सपा के सांसद रामजीलाल सुमन व समाजवादी पार्टी के द्वारा वीर शिरोमणि महाराणा सांगा का अपमान किया गया वह बहुत निंदनीय है। उसकी जितनी निंदा की जाए कम है। उन्होंने कहा कि बिहार के पूर्णिया में गत 23 अप्रैल को एक विशाल महापंचायत का आयोजन किया गया । जिसमें सभी क्षत्रियों के संगठन एकत्रित हुए। महापंचायत में प्रस्ताव पारित किया गया कि सरकार महापुरुषों का अपमान करने वालों के खिलाफ कानून बनाए व इसको दंडनीय अपराध की श्रेणी में लाए।

यमुनानगर। पीडब्ल्यूडी रैस्ट हाउस में आयोजित बैठक में लोगों को सालवन में आयोजित कार्यक्रम के लिए आमंत्रित करते हुए महासभा के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

जिससे भविष्य में किसी भी महापुरुष का अपमान करने वाले को जेल की हवा खानी पड़े। उन्होंने कहा कि पहलगाम में निर्दोष हिंदुओं की हत्या जिस प्रकार धर्म पूछ कर की गई उसकी जितनी निंदा की जाए वह कम है। महासभा द्वारा उन सब को श्रद्धांजलि दी गई। जिला अध्यक्ष गुरदीप सिंह राणा ने बताया कि हमें प्रधानमंत्री मोदी पर पूर्णतया विश्वास है कि वह इस पाकिस्तान की कार्यराना हरकत का मुंह तोड़ जवाब देंगे।

भारी संख्या में सिरसगढ़ पहुंची संगत

बराड़ा में संत मनदीप का मनाया जन्मदिन, केक काटकर दी बधाई

बराड़ा। श्री गुरु रविदास धर्म अस्थान सिरसगढ़ में अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन के उपाध्यक्ष संत मनदीप दास का जन्मदिन हर्षोल्लास एंव धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर भारी संख्या में संगत गुरुघर में पहुंची। गुरु रविदास महाराज का आशीर्वाद प्राप्त कर संत मनदीप दास को जन्मदिन की बधाई दी। संगत काफी संख्या में केक लेकर पहुंची। सभी केक काटे गए। कार्यक्रम में कीर्तनी एवं रागी जत्थों ने गुरु रविदास की महिमा का बखान किया। संगत को संबोधित करते हुए संत मनदीप दास ने सभी का आभार जताया और कहा कि गुरु रविदास के आशीर्वाद से वह संगत की सेवा कर रहे हैं। संगत से उन्हें स्नेह और आदर मिल रहा है। इस गुरूघर में रहकर वह संत निरंजन दास की रहनुमाई में संगत को गुरु रविदास की वाणी से जोड़ रहे हैं। इस अवसर संत निर्मलदास कपालमोचन, एचएसएससी सदस्य अमर सिंह नंदगढ़, अमित मल, दलीप सिंह, रीटा केसरी, ग्राम सचिव विजयंत नेहरा समेत भारी संख्या में संगत मौजूद रहे।

गर्मी व हीट वेव से बचाव के लिए एहतियात बरतें

- जिला प्रशासन तथा स्वास्थ्य विभाग ने हीट वेव से बचाव के लिए जारी की एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला आपदा एवं प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि गर्मी के मौसम में हवा के गर्म थपेड़ों और बढ़े हुए तापमान से लू (हीट वेव) लगने का खतरा बढ़ जाता है। खासकर धूप में घूमने वालों, खिलाडियों, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। लू लगने पर उसके इलाज से बेहतर है। हम लू से बचे रहें यानी बचाव इलाज से बेहतर है। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने नागरिकों को जिला प्रशासन तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनहित में जारी की गई एडवाइजरी की पालना करने की अपील की है। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने आमजन से आह्वान किया कि प्रशासन की ओर से जारी की गई एडवाइजरी की पालना करें और हीट वेव से बचे रहें। उन्होंने बताया कि हीट वेव से बचाव के लिए स्थानीय मौसम संबंधी खबरों के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें, गर्मी में हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, अपना सिर ढककर रखें, कपड़े, हैट अथवा छतरी का उपयोग करें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं, ओआरएस,घर में बने पेय जैसे लस्सी, तोरानी (चावल का मांड),नींबू पानी व छाछ आदि का सेवन कर तरोताजा रहें। बच्चों को वाहनों में छोडड़कर न जाएं उन्हें लू लगने का खतरा हो सकता है। नंगे पांव बाहर न जाएं। गर्मी से राहत के लिए हाथ का पंखा अपने पास रखें। काम के बीच में थोड़ा थोड़ा विश्राम लें। खेत खलीहान में काम कर रहे हैं तो समय समय पर पेड़ या छाया में ही आसरा लें। गर्मी के मौसम में जंक फूड का सेवन न करें।

यमुनानगर। अपने कार्यालय में हीट वेव से बचाव की जानकारी देते उपायक्त पार्थ गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

अपने जानवरों का हीट वेव से कैसे करें बचाव

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि जानवरों को छाया में रखें और उन्हें पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी दें। उन्हें घर के भीतर रखें। पीने के पानी के दो बाउल रखें। ताकि एक में पानी खत्म होने पर दूसरे से वे पानी पी सकें। यदि उन्हें घर के भीतर रखा जाना संभव न हो तो उन्हें किसी छायादार स्थान में रखें। जहां वे आराम कर सकें। ध्यान रखें कि जहां उन्हें रखा जाए वहां दिनभर छाया रहे। अपने पालतू जानवर का खाना धूप में न रखें। जानवरों को किसी बंद जगह में न रखें। यदि आपके पास कुत्ता है तो उसे गर्मी में न टहलाएं। उन्हें सुबह और शाम को घुमाएं।

हिंदू धर्म में गोसेवा करना परम धर्म , जियो गीता परिवार के सदस्यों ने की सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

गोसेवा करने से मानवजीवन को सुख-शांति और समृद्धि मिलती है। हर मानव को गोसेवा करने से बेहतर फल की प्राप्ति होती है। हिंदू धर्म में गोसेवा करना हमारा परम धर्म माना जाता है। यह बात श्री कृष्ण कृपा एवं जियो गीता परिवार के प्रधान अशोक मेहता ने कही। समिति के सदस्यों द्वारा रविवार को गोशाला में गउओं की सेवा की।

इस दौरान उपस्थित सदस्यों एवं अन्य लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि समिति के सदस्यों द्वारा यह सेवा महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज की प्रेरणा से की जाती है।

वर्तमान में लोग गाय का उपयोग सिर्फ दूध के लिए कर रहे हैं। अगर गाय दूध देना बंद कर देती है तो उसको लावारिस की तरह सड़कों पर छोड़ देते हैं। ऐसा उनको नहीं करना चाहिए। ऐसी मान्यता है कि गाय मे 33 करोड़ देवी देवताओं का निवास है इसलिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को गाय की सेवा करनी चाहिए। मेहता ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने समय एवं सामर्थ्य के अनुसार गाय की सेवा करनी चाहिए। विशेष बात यह रही कि छोटे छोटे बच्चे भी सेवा में उपस्थित रहे । इस दौरान सचिव सुरेंद्र बिंदल, संयुक्त सचिव अनिरुद्ध सिंघल, कोषाध्यक्ष देवेंद्र मेहता, सदस्य सुभाष राणा, रवि शर्मा, रविंदर शर्मा, विजय अग्रवाल, अनीश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

जियो गीता परिवार के सदस्य गोशाला में सेवा करते हुए।